# विज्ञान

(अध्याय – 7) (पौधों को जानिए)
(कक्षा – 6)

## अभ्यास

**प्रश्न 1:**
निम्न कथनों को ठीक करके लिखिए:
(क) तना मिट्टी से जल एवं खनिज अवशोषित करता है।
(ख) पत्तियाँ पौधे को सीधा खड़ा रखती हैं।
(ग) जड़ें जल को पत्तियों तक पहुँचाती हैं।
(घ) पुष्प में बाह्यदल एवं पंखुड़ियों की संख्या सदा समान होती है।
(ड़) यदि किसी पुष्प के बाह्यदल परस्पर जुड़े हों तो उसकी पंखुड़ियाँ भी आपस में जुड़ी होंगी।
(च) यदि किसी पुष्प की पंखुड़ियाँ परस्पर जुड़ी हों तो स्त्रीकेसर पंखुड़ियों से जुड़ा होगा।


**उत्तर 1:**
(क) जड़ें मिट्टी से जल एवं खनिज अवशोषित करता है।
(ख) तना पौधे को सीधा खड़ा रखती हैं।
(ग) तना जल को पत्तियों तक पहुँचाती हैं।
(घ) पुष्प में बाह्यदल एवं पंखुड़ियों की संख्या सदा समान नहीं होती है।
(ड़) यदि किसी पुष्प के बाह्यदल परस्पर अलग हों तो उसकी पंखुड़ियाँ भी आपस में जुड़ी न होंगी।
(च) यदि किसी पुष्प की पंखुड़ियाँ परस्पर जुड़ी हों तो यह जरुरी नहीं है कि स्त्रीकेसर पंखुड़ियों से जुड़ा होगा।

**प्रश्न 2:**
निम्न के चित्र बनाइए: (क) पत्ती (ख) मूसला जड़ (ग) एक फूल जिसका आपने सरणी 7.3 में अध्ययन किया हो।

**उत्तर 2:**



(क) पत्ती




(ख) मूसला जड़



(ग) एक फूल

**प्रश्न 3:**
क्या आप अपने घर के आस-पास ऐसे पौधे को जानते हैं जिसका तना लंबा परंतु दुर्बल हो? इसका नाम लिखिए। आप इसे किस वर्ग में रखेंगे?

**उत्तर 3:**
मनी प्लांट का तना लंबा होता है परंतु दुर्बल भी होता है। ये विसर्पी लता वर्ग में आते हैं।

**प्रश्न 4:**
पौधे में ताने का क्या कार्य है?
**उत्तर 4:**
पौधे में तने के कार्य:
- यह शाखाओं, पत्तियों, फूलों और फलों को धारण करता है।
- तना पानी और खनिजों को जड़ों से ऊपरी हिस्सों में पहुंचाता है।
- यह पत्तियों में तैयार भोजन को अन्य भागों तक पहुँचाता है।

**प्रश्न 5:**
निम्न में से किन पत्तियों में जालिका रूप शिरा-विन्यास पाया जाता है?
गेंहूँ, तुलसी, मक्का, घास, धनिया, गुड़हल
**उत्तर 5:**
तुलसी, धनिया और गुड़हल।

**प्रश्न 6:**
यदि किसी पौधे की जड़ रेशेदार हो तो उसकी पत्ती का शिरा-विन्यास किस प्रकार का होगा?
**उत्तर 6:**
समांतर शिरा-विन्यास

**प्रश्न 7:**
यदि किसी पौधे की पत्ती में जालिका रूपी शिरा-विन्यास हो तो उसकी जड़ें किस प्रकार की होंगी?
**उत्तर 7:**
मूसला जड़

**प्रश्न 8:**
क्या आप किसी पौधे की पत्ती की छाप को देखकर यह पहचान कर सकते हैं कि उसकी जड़ मूसला जड़ होगी अथवा झकड़ा जड़? कैसे?
**उत्तर 8:**
हाँ
यदि पौधे की पत्ती में जालिका रूपी शिरा-विन्यास हो तो उसकी जड़ें मूसला होंगी और यदि पौधे की पत्ती में समांतर शिरा-विन्यास हो तो उसकी जड़ें झकड़ा जड़ें अथवा रेशेदार जड़ें होंगी।

**प्रश्न 9:**
किसी पुष्प के विभिन्न भागों के नाम लिखिए।
**उत्तर 9:**
किसी पुष्प के विभिन्न भाग मुख्यतः बाह्यदल, पंखुड़ियाँ, स्त्रीकेसर, पुंकेसर आदि हैं।

**प्रश्न 10:**

निम्न में से किन पौधों के फूल आपने देखे हैं:
घास, मक्का, गेंहूँ, मिर्च, टमाटर, तुलसी, पीपल, शीशम, बरगद, आम, जामुन, अमरूद, अनार, पपीता, केला, नीबू, गन्ना, आलू, मूँगफली।

**उत्तर 10:**

हमने निम्नलिखित पौधों के फूल देखे हैं:
मक्का, टमाटर, तुलसी, पीपल, बरगद, आम, जामुन, अमरूद, पपीता और आलू।

**प्रश्न 11:**

पौधों के उस भाग का नाम लिखिए जो अपना भोजन बनाता है। इस प्रक्रम को क्या कहते हैं?

**उत्तर 11:**

पौधों की पत्तियाँ भोजन बनाने का कार्य करती हैं। पत्तियों द्वारा भोजन बनाने की इस प्रक्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं।

**प्रश्न 12:**

पुष्प के किस भाग में अंडाशय मिलता है?

**उत्तर 12:**

फूल में स्त्रीकेसर के सबसे निचले सूजे हुए भाग में अंडाशय स्थित होता है।

**प्रश्न 13:**

ऐसे दो पुष्पों के नाम लिखिए जिनमें से प्रत्येक में संयुक्त और अलग-अलग पंखुड़ियाँ हों।

**उत्तर 13:**

संयुक्त पंखुड़ियों वाले पुष्प : धतुरा और टमाटर
अलग-अलग पंखुड़ियों वाले पुष्प : कमल और गुलाब